श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

"पक्के मकान ने खत्म की बसंती के परिवार की सभी परेशानी"

नगर परिषद चतरा के वार्ड सं०-03 धंगरटोली में पिछले 50 वर्षों से बसंती देवी, पति-स्व० छठ्ठु मुण्डा निवास करती आ रही हैं। इनके पति का देहान्त लगभग 15 वर्ष पहले हो चुकी है और ये अन्य लोगों के घरों में झाड़ू-पोंछा लगाने का कार्य करती है और उसी से अपने परिवार का जीवन यापन कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभ मिलने के पूर्व इनके पास खुद का एक कच्चा मकान था जिसमें अपने एक पुत्र के साथ इन्हें रहने में बहुत परेशानी होती थी। इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी, जिसके कारण वे अपना खुद का मकान बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकती थीं। मगर इनका चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत हुआ और देखते ही देखते एक साल के अन्तराल में उन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य पूर्ण भी कर लिया। अब वे अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी नये पक्का मकान में रह रही हैं।इसके लिए उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार तथा नगर परिषद के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को धनयवाद यापन करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।